म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-04 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए पात्रता परीक्षा–2023

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 01 से 11.03.2023 तक

परीक्षा परिणाम तिथि : ...17.... अप्रैल 2023

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

15/4/23

17/04/23

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए पात्रता परीक्षा–2023 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 01 से 11 मार्च 2023 तक मध्यप्रदेश के बालाघाट, भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, सागर, उज्जैन, सतना, सीधी एवं रीवा शहर में मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक के लिए पात्रता परीक्षा–2023 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त **174274 (विषयवार कुल संख्या 185118)** मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे, आवेदकों की संख्यात्मक जानकारी निम्नानुसार हैः–

CODE	SUBJECT	PRESENT
01	HINDI	18976
02	ENGLISH	20215
03	SANSKRIT	8349
04	URDU	331
05	MATHS	18055
06	PHYSICS	6643
07	BIOLOGY	18188
08	CHEMISTRY	12866
09	HOME SCIENCE	1001
10	COMMERCE	10387
11	HISTORY	6595
12	GEOGRAPHY	5516
13	POLYTICAL SC.	9674
14	ECONNOMICS	9056
15	AGRICULTURE	1783
16	SOCIOLOGY	8074
	Total	155709

2. ऑनलाईन परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा दिनांक 13.03.2023 को आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके अनुसार नार्मलाईज्ड प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
3. नियमपुस्तिका के नियम क्रं. 6 एवं 7 के अनुसार ऑनलाईन परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को कम से कम 60 प्रतिशत अंक एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. तथा निःशक्तजनः श्रेणी के उम्मीदवारों को कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पात्र मानते हुए परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
4. मण्डल द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से की जायेगी।
5. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार "अंतिम उत्तर कुंजी" तथा "परीक्षा परिणाम" की जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है, जहॉ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल,

दिनांक : 17 अप्रैल, 2023

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल